भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *138

31 जुलाई, 2024 के लिए प्रश्न

चीनी विकास निधि

***138. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान और आज तक चीनी मिलों के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए चीनी विकास निधि से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए विशेषत: महाराष्ट्र सहित राज्य-वार प्राप्त प्रस्तावों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान आज तक किन-किन चीनी मिलों को उक्त निधि से सहायता प्राप्त हुई है;

(ग) क्या इन चीनी मिलों ने इस प्रकार प्राप्त धनराशि का पूर्ण उपयोग किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 31.07.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *138 (अठारहवाँ स्थान) के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित विवरण।

(क): चीनी विकास निधि अधिनियम, 1982 के तहत चीनी मिल के आधुनिकीकरण सह विस्तार, गन्ना विकास, खोई-आधारित सह-उत्पादन विद्युत परियोजनाएं, एनहाइड्रस अल्कोहल या इथेनॉल/ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) संयंत्र के उत्पादन के लिए चीनी मिलों को ऋण दिए गए थे। तथापि, दिनांक 21.09.2021 के आदेश द्वारा चीनी मिलों को वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी योजना बंद कर दी गई है।

विगत तीन वर्षों के दौरान और आज तक चीनी मिलों के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए चीनी विकास निधि से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान चीनी मिलों को 162.12 करोड़ रुपए की धनराशि संवितरित की गई है जिसे योजना के समाप्त होने से पूर्व प्रशासनिक अनुमोदन मिल गया था। वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	संवितरित धनराशि (करोड़ में)
2021-22	121.10 रुपए
2022-23	41.02 रुपए
2023-24	-

पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान और आज तक चीनी विकास निधि से चीनी मिलों को प्राप्त सहायता का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) और (घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान चीनी विकास निधि से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले चीनी मिलों ने उक्त एसडीएफ निधियों का उस प्रयोजन के लिए पूर्ण उपयोग किया है जिसके लिए इसे स्वीकृत किया गया था। एसडीएफ नियम, 1983 के अनुसार, सभी संबंधित चीनी कारखानों ने निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं।

*****

अनुबंध

चीनी विकास निधि के संदर्भ में लोक सभा में दिनांक 31.07.2024 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *138 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

वर्ष 2021-22 के दौरान जिन चीनी मिलों को वित्तीय सहायता दी गई, उनका विवरण

क्र.सं.	चीनी मिल का नाम	ऋण के प्रकार	संवितरित की गई राशि
1.	मैसर्स सदाशीराव मांडलिक कागल तालुका-एसएसके लिमिटेड, सदाशिवनगर, हमीदवाड़ा-कौलगे, तालुका-कागल, जिला-कोल्हापुर, महाराष्ट्र-416235	इथेनॉल/जेडएलडी	9,00,29,600 रुपए
2.	मैसर्स बन्नारी अम्मन शुगर्स लिमिटेड, गांव - अलगगांची, तालुका- नंजनगुड, जिला-मैसूर, कर्नाटक	इथेनॉल/जेडएलडी	14,99,70,400 रुपए
3.	मैसर्स बन्नारी अम्मन शुगर्स लिमिटेड, गांव - अलगगांची, तालुका- नंजनगुड, जिला-मैसूर, कर्नाटक	इथेनॉल/जेडएलडी	31,01,79,600 रुपए
4.	मैसर्स नंदी सहकारी सक्करे कारखाना नियामित, कृष्णानगर, पोस्ट होसुर, तहसील और जिला निजापुर, कर्नाटक	सह-उत्पादन	13,98,20,400 रुपए
5.	मैसर्स नंदी सहकारी सक्करे कारखाना नियामित, कृष्णानगर, पोस्ट होसुर, तहसील और जिला निजापुर, कर्नाटक	सह-उत्पादन	13,86,12,100 रुपए
6.	मैसर्स नर्मदा खण्ड उद्योग सहकारी मण्डली लि., धारीखेड़ा, पी.ओ- टिम्बी तालुका - राजपिपला (नंदोद), जिला - नर्मदा, गुजरात	इथेनॉल/जेडएलडी	15,90,08,000 रुपए
7.	मैसर्स कर्मयोगी अंकुशराव टोपे समर्थ सहकारी सखर कारखाना लिमिटेड, पोस्ट - अंकुशनगर, तालुका-अंबाड, जिला-जालना, महाराष्ट्र	इथेनॉल/जेडएलडी	22,33,79,900 रुपए
कुल			**1,21,10,00,000 रुपए**

वर्ष 2022-23 के दौरान जिन चीनी मिलों को वित्तीय सहायता दी गई, उनका विवरण

क्र.सं.	चीनी मिल का नाम	ऋण के प्रकार	संवितरित की गई राशि
1.	मैसर्स डीसीएम श्रीराम लिमिटेड, हरियावां, हरदोई, उ.प्र.	सह-उत्पादन	36,31,37,000 रुपए
2.	मैसर्स खटाव मान तालुका एग्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड, सतारा, महाराष्ट्र	सह-उत्पादन	4,25,00,000 रुपए
3.	मैसर्स कर्मयोगी अंकुशराव समर्थ एसएसके लिमिटेड, जालना, महाराष्ट्र	इथेनॉल	45,96,100 रुपए
कुल			**41,02,33,100 रुपए**

वर्ष 2023-24 के दौरान जिन चीनी मिलों को वित्तीय सहायता दी गई, उनका विवरण

शून्य

*****